शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट -दिनांक – 19.09.2024,

थाना कटरा पुलिस द्वारा 08 किलो 360 ग्राम डोडा पोस्त के साथ दो मादक पदार्थ तस्करो को किया गिरफ्तार।

श्री राजेश एस0, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी व रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री - निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री मनोज कुमार अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं श्री अमित चौरसिया क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी के नेतृत्व में थाना कटरा को बडी सफलता प्राप्त हुई।

आज दिनांक 19.09.2024 को थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी तो मुखबिर की सूचना पर समय करीब 12.00 बजे हुलास नगला फ्लाईओवर से पहले बरेली से शाहजहांपुर की ओर दो नफर अभियुक्तगण 1. नासिर अली पुत्र बारिक शाह उम्र लगभग 25 वर्ष नि0 ग्राम भजनई थाना अलीगंज जनपद बरेली के कब्जे से 4 किलो 60 ग्राम डोडा पोस्त 2. शारिफ अली पुत्र शाबिर अली उम्र लगभग 22 वर्ष नि0 ग्राम भजनई थाना अलीगंज जनपद बरेली के कब्जे से 4 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किये गये । इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 406/2024 धारा 8/15 NDPS ACT पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-

1. नासिर अली पुत्र बारिक शाह नि0 ग्राम भजनई थाना अलीगंज जनपद बरेली उम्र लगभग 25 वर्ष
2. शारिफ अली पुत्र शाबिर अली नि0 ग्राम भजनई थाना अलीगंज जनपद बरेली उम्र लगभग 22 वर्ष

पूछताछ का संक्षिप्त विवरण –

अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर संयुक्त रूप से बताया कि साहब हम लोग इस काम में काफी दिनो से है। इस डोडा पोस्त को हमने तिलहर से एक झारखण्ड के ट्रक ड्राईवर से खरीदा था। जिसका नाम पता और मोबाईल नम्बर हमको ज्ञात नहीं है। डोडा पोस्त को हम लोग सडक किनारे बने होटल ढाबों पर आने जाने वाले ड्राईवरों व रास्तागीरहों को बेच देते हैं और आज भी हम हुलास नगला फ्लाईओवर से पहले बरेली से शाहजहांपुर को आने जाने वाले ट्रक ड्राईवरों को यह डोडा पोस्त बेचने के लिए तलाश कर रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड लिया।

गिरफ्तारी का स्थान / समय:-

हुलास नगला फ्लाईओवर से पहले बरेली से शाहजहांपुर की ओर दिनांक 19.09.2024 समय करीब 12.00 बजे

पंजीकृत अभियोग का विवरण

(1) मु0अ0सं0 406/2024 धारा 8/15 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरण

8 किलो 360 ग्राम डोडा पोस्त

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री गौरव त्यागी थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 अनुज चौधरी थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1784 भूरा तोमर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2685 प्रवीण कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर